**UPSH060008702022**

**न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), कक्ष सं०–18, शाहजहाँपुर।**

**मूलवाद सं०–605/2022**

**अब्दुल रज़्ज़ाक खाँ आदि बनाम श्रीमती आसमा आदि।**

CNR Number–UPSH060008702022

**दिनाँक–06.07.2023**

पत्रावली पेश हुई। वाद पुकारा गया। पुकार पर उभयपक्ष अनुपस्थित है एवं कोई स्थगन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है।

आदेशपत्रक के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि प्रश्नगत मूलवाद में अस्थायी निषेधाज्ञा प्रार्थना पत्र 6 ग पर बल देने हेतु कोई उपस्थित नहीं आ रहा है। वादीगण को अनेक अवसर भी प्रदान किये जा चुके हैं। ऐसा परिलक्षित होता है कि वादीगण की प्रश्नगत प्रार्थना पत्र 6 ग के निस्तारण में कोई रूचि नहीं रह गयी है।

अतः प्रार्थना पत्र 6 ग वादीगण द्वारा बल न दिये जाने के कारण निरस्त किया जाता है। पत्रावली पुनः मध्यावकाश उपरान्त पेश हो।

सिविल जज (जू०डि०),
कक्ष सं०–18, शाहजहाँपुर।
J.O. Code - UP2417

**दिनाँक–06.07.2023**

मध्यावकाश उपरान्त पत्रावली पुनः पेश हुई। पुकार पर उभयपक्ष अनुपस्थित एवं कोई स्थगन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है। आदेशपत्रक के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि प्रश्नगत मूलवाद में उभयपक्ष विगत कई तिथियों से अनुपस्थित चले आ रहे हैं। न्यायालय द्वारा उन्हें पर्याप्त अवसर प्रदान किया जा चुका है। ऐसा परिलक्षित होता है कि पक्षकारों को प्रश्नगत मूलवाद में कोई रूचि शेष नहीं रह गयी है। तद्नुसार प्रश्नगत मूलवाद उभयपक्ष की अनुपस्थिति में निरस्त किये जाने योग्य है।

**आदेश**

प्रश्नगत मूलवाद संख्या–605/2022 उभयपक्ष की अनुपस्थिति में निरस्त किया जाता है। बाद आवश्यक कार्यवाही पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

सिविल जज (जू०डि०),
कक्ष सं०–18, शाहजहाँपुर।
J.O. Code – UP2417

Digitally signed by SWARAANGI SHUKLA
Date: 2023.07.14 11:16:36 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court